अमर उजाला
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण
राजधानी
वर्ष 11 | अंक 177 | पृष्ठ : 20+8=28
मूल्य : तीन रुपये
amarujala.com
लखनऊ | मंगलवार, 25 दिसंबर 2018
उत्तर प्रदेश

सफाई में अव्वल जिलों और निकायों का सम्मान आज

स्थानीय निकाय निदेशालय में सीएम करेंगे सम्मानित

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के तहत सभी नगर निकायों में हुई 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2018' में बेहतर प्रदर्शन करने वाले वाले जिलों, नगर निकायों को मुख्यमंत्री मंगलवार को सम्मानित करेंगे। स्थानीय निकाय निदेशालय में होने वाले कार्यक्रम में विजेता जिला, नगर निकाय व वार्डों के प्रतिनिधियों को अवॉर्ड दिया जाएगा।

नगर विकास विभाग से तैयार परिणाम के आधार पर कुल 4 श्रेणी में अवॉर्ड दिया जाएगा। पहली श्रेणी में जिला, दूसरी श्रेणी में टॉप-5 में वार्ड, तीसरी श्रेणी में नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत। चौथी श्रेणी में नवाचार अभियान में बेहतर काम करने वाले निकायों को सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि नगर विकास विभाग ने 15 नवंबर से 15 दिसंबर तक सभी नगर निकायों में 'स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता-2018' का आयोजन किया था।

जिलों की श्रेणी में गाजियाबाद को पहला और प्रयागराज को मिला दूसरा स्थान

नगर निगमों में सफाई के मामले में लखनऊ को तीसरा स्थान

स्वच्छ वार्ड प्रतियोगिता के परिणामों के आधार पर तैयार रैंकिंग में जिलों में गाजियाबाद ने पहला स्थान प्राप्त किया है। प्रयागराज को दूसरा फर्रुखाबाद को तीसरा और झांसी को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। नगर निगमों में आगरा पहले, गाजियाबाद दूसरे और लखनऊ को तीसरा स्थान मिला है। नगर पालिका परिषदों में बिजनौर को पहला, अमरोहा व औरैया को दूसरा, एटा व नवाबगंज (बाराबंकी) को तीसरा, इटावा व मिर्जापुर को चौथा और मुरादनगर (गाजियाबाद), मऊरानीपुर (झांसी) व बहराइच को पांचवां स्थान मिला है। निकायों के 5-5 वार्डों के 15 वॉर्ड प्रतिनिधियों को सम्मानित किया जाएगा।